**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली की अध्यक्षता में दिनांक 22.04.2025 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

बैठक में निम्नानुसार अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए :–

1 श्री फूल सिंह यादव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

2 श्री अमित कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

3 श्री अरविन्द कुमार/श्री कपिल शर्मा, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

4 श्री संजय पटेल, पी0एम0 मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0 एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई।

5 श्री निखिल पाण्डे, पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।

6 श्री अभिषेक कुमार, डी0पी0एम0 व श्री शिवदत्त/श्री अखिलेश, क्यू0ए0क्यू0सी0, टी0पी0आई0, शामली।

7 श्री पवन प्रकाश, आई0एस0ए0 कॉडिनेटर, डी0पी0एम0यू0, शामली।

**1– नई पेयजल योजनाऐं :–**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 169 नग योजनाऐं स्वीकृत है जिसके सापेक्ष 168 पेयजल योजनाओं पर ट्यूबवैल के कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष एक पेयजल योजना उस्मानपुर पर भूमि विवाद के चलते पेयजल योजना के कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये है। 172 नग के सापेक्ष 111 नग पम्प हाउस पर कार्य पूर्ण हो गया है, 46 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है, 15 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। 169 नग के सापेक्ष 166 पेयजल योजना में पाईप लाईन का कार्य प्रारम्भ हो गया है। खन्द्रावली, उस्मानपुर, जसाला पे0यो0 पर कार्य पाइप लाइन कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 712 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 648 कि0मी0 रोड (91 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसके अन्तर्गत 88 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 172 नग के सापेक्ष 166 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से 10 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण तथा 6 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। 169 नग पे0यो0 के सापेक्ष 74 नग पे0यो0 (87 राजस्व ग्राम) पर नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 17 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 15 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (गुराना एवं मवी तिमाली अहतमाल पे0यो0 विद्युत कनेक्शन शेष है।)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शामली द्वारा फर्म को निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

1– मुख्य विकास अधिकारी, शामली द्वारा 15 नग पम्प हाउस अवशेष पम्प हाउस पर कार्य प्रारम्भ न होने की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को इसके लिए नोटिस देने तथा फर्म को 15 दिन के अन्दर समस्त पम्प हाउस के निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके क्रम में फर्म के पी0एम0 श्री संजय पटेल ने एक सप्ताह के अन्दर सभी अवशेष पम्प हाउसों पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करने तथा एक माह के अन्दर समस्त पम्प हाउसों का निर्माण कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

2– फर्म के पी0एम0 श्री संजय पटेल द्वारा अवगत कराया गया है कि जसाला पे0यो0 पर ग्रामवासियों द्वारा एच0डी0डी0 के माध्यम से पाइप लाइन बिछाने की मांग की जा रही है तथा खन्द्रावली में ग्राम प्रधान द्वारा वाटर वर्क्स कैम्पस व उच्च जलाशय सम्बन्धित कार्य पूर्ण करने के पश्चात् पाइप लाइन बिछाने की मांग की गयी है। जिसके क्रम में दोनो पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन कार्य प्रारम्भ न होने व ग्राम प्रधान के प्रकरण पर मुख्य विकास अधिकारी, शामली द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा दोनो पेयजल योजना हेतु फर्म को नोटिस देने तथा जसाला में एच0डी0डी0 के माध्यम से पाइप लाइन बिछायी जाने तथा खन्द्रावली में अधोहस्ताक्षरी व फर्म को ग्राम प्रधान से वार्ता कर दोनो पे0यो0 में प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अन्दर वितरण प्रणाली सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये।

3– मुख्य विकास अधिकारी, शामली द्वारा फर्म एवं अधोहस्ताक्षरी को निर्देश दिये गये कि पेयजल योजनाओं में एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति निरन्तर अनिवार्य रुप से बढाई जाये।

4– अधोहस्ताक्षरी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में फर्म द्वारा रोड पुर्नस्थापन की स्थिति अत्यन्त धीमी है मात्र एक पेयजल योजना पर सी0सी0 रोड पुर्नस्थापन का कार्य कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी, शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन के कार्य की धीमी प्रगति से नाराजगी व्यक्त की गयी तथा यह भी अवगत कराया गया कि जनप्रतिनिधियों / ग्राम प्रधानों / ग्रामवासियों की काफी समय से रोड पुर्नस्थापन कार्य न होने के सम्बन्ध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है। यह स्थिति अत्यन्त गम्भीर है। इस सम्बन्ध में टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0 श्री अभिषेक कुमार से पूछा गया कि क्या आपके द्वारा रोड पुर्नस्थापन कार्य की जॉच की गयी है। जिसके क्रम में टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0 श्री अभिषेक कुमार द्वारा बताया गया कि 88 नग राजस्व ग्राम में सी0सी0 रोड पुर्नस्थापन कार्य हमारे द्वारा चैक कर लिया गया है तथा अन्य ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन कार्य की निरन्तर चैकिंग की जा रही है। अधोहस्ताक्षर को रोड पुर्नस्थापन की धीमी प्रगति पर फर्म को नोटिस देने के निर्देश दिये गये तथा फर्म के पी0एम0 को आदेशित किया गया कि इसे गम्भीरता से सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर एक माह के अन्दर सभी ग्रामों में क्षतिग्रस्त मार्गों को शत–प्रतिशत मरम्मत अनिवार्य रुप से करा दी जाये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

5– अधोहस्ताक्षरी द्वारा बताया गया कि जनपद में 94 नग उच्च जलाशयों पर निर्माण कार्य बन्द है। मुख्य विकास अधिकारी, शामली द्वारा उच्च जलाशय की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा इन्हे शीघ्र पर्याप्त मैनपॉवर लगाकर गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

6– मुख्य विकास अधिकारी, शामली द्वारा 168 नग नग पेयजल योजनाओं पर बोरिंग कार्य पूर्ण होने के उपरान्त मात्र 74 नग पेयजल योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति को लेकर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये कि फर्म द्वारा जिन पेयजल योजनाओं पर बोरिंग कार्य पूर्ण हो चुका है उन पर अनिवार्य रुप से प्रत्येक दशा में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नियमित पेयजल आपूर्ति की जाये। जिसमें फर्म के पी0एम0 श्री संजय पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ पेयजल योजनाओं पर सौलर सम्बन्धित कार्य पूर्ण नहीं हुआ है तथा डी0जी0 सैट में डीजल की खपत के चलते फर्म डी0जी0 सैट से पम्प चलाने में असमर्थ है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी, शामली द्वारा फर्म के पी0एम0 को सख्त निर्देश दिये गये कि शीघ्र सौलर सैट अधिष्ठापित कराये तथा अधिष्ठापन से पूर्व फर्म डी0जी0 सैट के माध्यम से पम्प संचालन कर प्रत्येक दशा में अनिवार्य रुप से ग्रामवासियों को नियमित पेयजल आपूर्ति प्रदान करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि नियमित जलापूर्ति वाली योजनाओं में भ्रमण के दौरान कुछ कनेक्शन धारकों द्वारा पेयजल न आने की तथा कुछ ग्रामवासियों द्वारा पेयजल कनेक्शन न होने की शिकायत प्राप्त होती है। जिसके क्रम में फर्म को निर्देशित किया गया है कि ग्राम के प्रत्येक घर को पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराकर समस्त कनेक्शन धारकों को पेयजल की आपूर्ति अनिवार्य रुप से करना सुनिश्चित करें।

## 2– पुनर्गठन पेयजल योजनाऐं :–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 13 नग योजनाऐं स्वीकृत है। 13 नग पेयजल योजनाओं में 21 नग ट्यूबवैल व 21 नग पम्प हाउस निर्माण के सापेक्ष 21 नग ट्यूबवैल व 21 नग पम्प हाउस निर्माण के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। 13 नग पे0यो0 के सापेक्ष 13 नग पे0यो0 में पाईप लाईन का कार्य प्रारम्भ हो गया है। कण्डेला जोन–2 पे0यो0 के अन्तर्गत ग्राम जगनपुर में ग्रामवासियों द्वारा अतिरिक्त उच्च जलाशय की मांग के चलते पाइप लाइन डालने में विरोध किया जा रहा है जिस कारण वहाँ पर वितरण प्रणाली सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। वर्तमान तक 11 पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 13 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सी0सी0 रोड के पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 215 कि0मी0 काटी गयी रोड के सापेक्ष 207 कि0मी0 (96 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 13 नग पे0यो0 के सापेक्ष 10 नग पे0यो0 (12 राजस्व ग्राम) में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। 04 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 04 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है।

**मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शामली द्वारा फर्म को निम्नानुसार निर्देश दिये गये :-**

1– फर्म के पी0एम0 श्री निखिल पाण्डे द्वारा अवगत कराया गया है कि बहावडी ग्राम पेयजल योजना में ग्राम प्रधान द्वारा शेष लगभग 1 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी, शामली द्वारा निर्देश दिये गये कि बहावडी ग्राम पेयजल योजना व कण्डेला जोन–2 पे0यो0 के अन्तर्गत ग्राम जगनपुर में ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों द्वारा पाइप लाइन बिछाने में किये जा विरोध का निस्तारण जिला विकास अधिकारी, अधोहस्ताक्षरी व सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी की टीम ग्राम में जाकर करायेगी।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शामली द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक उनके द्वारा प्रत्येक सप्ताह की जायेगी, जिसमें पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित शिकायतों को भी प्रस्तुत किया जाये।

(फूल सिंह यादव)
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

पत्रांक– 544 / 108 / 27 दिनांक : 23-4-2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1– मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
3– जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4– मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5– पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।
6– पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।
7– डी0पी0एम0, टी0पी0आई0/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।
8– समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड अन्तर्गत।

23-04.25
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली